दिनांक 09 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

लाॅक डाउन का पालन कराने उड़नदस्ता की टीम निगम क्षेत्र में कर रही माॅनिटरिंग

भिलाईनगर/ नगर निगम की उड़नदस्ता टीम ने आज वार्ड 06 सुपेला, रावणभाठा, आजाद चौक, रामनगर, केम्प - 2, वार्ड- 21 लिंक रोड, बीसीसी चौक, वार्ड 28 छावनी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किए और खुली हुई आवश्यक सेवाओं वाली दुकान पर भीड़ न लगे इसकी निगरानी की। व्यवसायिक क्षेत्रों में कुछ जगह भीड़ पाए जाने वाले स्थान पर क्रमबद्ध दूरी बनाकर सामान देने व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया। इस दौरान दो दुकानदार पर चालानी कार्यवाही करते हुए 7000 रूपए जुर्माना लिया गया। कोरोना संक्रमण के वायरस से बचाव हेतु लाॅक डाउन व धारा 144 का पालन कराने निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर उड़नदस्ता टीम शहर के सभी प्रमुख बाजारों का निरीक्षण कर रही है ! कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु केंद्र शासन द्वारा घोषित लॉक डाउन का पालन कराने भिलाई निगम प्रशासन प्रयासरत है! कोरोना वायरस से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंस बनाने एवं लाॅक डाउन का पालन कराने लोगों से घरों में रहने लाउडस्पीकर के माध्यम से अपील की जा रही है। उड़नदस्ता की टीम व्यवसायिक प्रतिष्ठान , बाजार, राशन दुकान का निरीक्षण कर रही है।

जनसम्पर्क अधिकारी